कार्यालय जिला एंव सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर

डिजिटाईजेशन प्रोजेक्ट के तहत संविदा नियुक्ति हेतु सूचना

सूचना क्रमांक..07../दो-12-06/18 बुरहानपुर, दिनांक 14.12.2018.

कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर के न्यायालयों/अभिलेखागार अनुभाग के डिजीटल रिकार्ड की गुणवत्तापूर्ण जांच एवं स्कैनिंग कार्य में सहायता के लिये उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश एवं समस्त जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त योग्य, सक्षम एवं स्वस्थ कर्मचारियों की स्थानीय व्यवस्था के तहत निश्चित अनुबंध अवधि के लिये सेवाओं की आवश्यकता है।

उपरोक्त कार्य संपादन हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारी को एक निश्चित एकजाई वेतन रूपये 15000/-प्रतिमाह (ए.जी.-1/रीडरग्रेड) तथा राशि रूपये 14000/- प्रतिमाह (ए.जी.-2/ए.जी.-3) का भुगतान किया जावेगा तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी को अवकाश उन्ही दिवसों में स्वीकृत किया जावेगा जबकि संबंधित संस्था मेंसर्स न्यूजेन साफटवेयर टेक्नॉलॉजी लिमिटेड का डिजीटाईजेशन केंन्द्र बंद रहेगा। समस्त कर्मचारी डिजीटाईजेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्य करेंगे।

अतः उपरोक्त कार्य के लिये उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश एवं समस्त जिला न्यायालय से सेवानिवृत्त उपयुक्त कर्मचारियों के आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते है।

आवेदन-पत्र श्रीमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर को सम्बोधित कर कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर के आवक अनुभाग में प्रस्तुत करें।

आवेदन-पत्र अंतिम तिथि 24.12.18 को सायंकाल 05:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।

14/12/18

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर
DISTRICT & SESSIONS JUDGE, BURHANPUR (M.P.)

:: संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र ::

1.	आवेदक का नाम	....
2.	पिता का नाम	....
3.	जन्मतिथि	....
4.	सेवानिवृत्ति का दिनांक	....
5.	सेवानिवृत्ति के समय धारित पद	....
6.	कुल सेवा काल	....
7.	सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त वेतन	....
8.	कम्प्यूटर ज्ञान (डिप्लोमा आदि की जानकारी)	....
9.	वर्तमान पत्राचार का पता	....
10.	मोबाईल नंबर/ कॉन्टेक्ट नंबर	....

आवेदक के हस्ताक्षरः- ....

नाम :- ....

(आवेदक/आवेदिका)

।। सहमति ।।

मैं एतद्द्वारा अपनी सहमति देता/देती हूं कि मैं.. कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर की स्थापना पर डिजिटाईजेशन प्रोजेक्ट में कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बुरहानपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने हेतु सहमत हूं।

दिनांक ..../..../........

आवेदक के हस्ताक्षरः- ....

नाम :- ....

(आवेदक/आवेदिका)